दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालयःएस.सी.ओ.109-110-111,
सुरेंद्रा बिल्डिंग, सैक्टर 17-डी, चंडीगढ़
दूरभाष सं. 0172-2704257

CIN U66010DL1947GOI007158 www.orientalinsurance.org.in

नवांशहर में कार्यालय परिसर पट्टे पर लेने संबंधी

व्यावसायिक भवन किराए पर लेने के लिए दोहरी बोली पद्धति में मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित हैं, जिनमें निर्दिष्ट क्षेत्रों में हॉल/हालों के आकार में नवांशहर की म्युनिसिपल क्षेत्र के भीतर लगभग 800 वर्ग फीट (+/- 10%) (बाथरूम, टायलेट, वरांडा आदि छोडकर) हों। पट्टे की अवधि 9 वर्ष है व इसी अवधि के लिए प्राधिकृत अधिकारी के पास पंजीकृत होनी चाहिए। पंजीकरण शुल्क 50-50 आधार पर वहन किया जाएगा। तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव का चयन कारपेट क्षेत्र पर आधारित होगा। भवन तैयार स्थिति में, पॉवर बैकअप के साथ , महिला एवं पुरूष के लिए अलग टायलेट , हवादार व इंटरनेट के लिए एंटीना स्थापित करने का स्थान व सुगम पहुंच व पार्किंग व्यवस्था के साथ चौड़ी सड़क पर होना चाहिए।

इच्छुक पार्टियां प्रस्ताव को दो अलग-अलग लिफाफों में **तकनीकी एवं वित्तीय** प्रस्ताव अंकित कर उसे एक तीसरे लिफाफे में रखकर उस पर **कार्यालयीन भवन के लिए लीज़ प्रस्ताव** अंकित कर मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक के नाम पर उक्त पते पर दिनांक **16.10.17 दोपहर 2 बजे** तक जमा करें। तकनीकी प्रस्ताव दिनांक **16.10.17 दोपहर 3 बजे** खोले जाएंगे।

निविदा दस्तावेज दिनांक **16.10.17** तक उक्त वर्णित क्षेत्रीय कार्यालय अथवा नवांशहर में कंपनी के कार्यालयों से कार्य दिवस व कार्यालयीन समय के दौरान अथवा कंपनी की वेबसाइट www.orientalinsurance.org.in (Tender) से लिया या डाऊनलोड किया जा सकता है। सीलबंद निविदाएँ, क्षेत्रीय कार्यालय में रखे टेंडर बाक्स में निर्धारित दिनांक व समय पर या समय से पहले जमा की जा सकती है। रजिस्टर्ड/कोरियर की गई निविदाएँ रास्ते में खोने या देरी से प्राप्त होने पर कंपनी उत्तरदायी नहीं होगी। ब्रोकर प्रस्ताव के साथ पत्र संलग्न करें कि वे मालिक की ओर से मूल्य देने के लिए प्राधिकृत हैं व ब्रोकर कमीशन देय नहीं होगी। कंपनी के पास किसी भी या सभी प्रस्तावों को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक